हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 सैकड़ों गौभक्तों की मौजूदगी में निकली गौ ...

07 अनाज व्यापारी के मुनीम के 5.50 लाख रुपए गाड़ी...





रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे हुई दुर्घटना

# दर्दनाक सड़क हादसा: टवेरा-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर, 5 की मौत, 7 घायल, इलाज जारी

नर्मदापुरम पिपरिया हाइवे पर बीती रात एक सड़क हादसा हुआ जिसमें एक टवेरा कार ट्रेक्टर ट्राली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 4 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज जारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/आंचलखेड़ा

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा और तवा पुल के पास रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सोयाबीन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और टवेरा वाहन की आमने सामने की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना दर्दनाक था की 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जिला अस्पताल में दम तोड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद जिला अस्पताल में परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### सीएमएचओ को समन्वय के निर्देश

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे निजी अस्पतालों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि पोस्टमार्टम और आईसीयू सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी न हो। दवाइयों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए उपचार में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, एसडीओपी जितेंद्र पाठक सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस त्वरित सक्रियता से पीड़ितों और उनके परिजनों को संबल मिला है। वहीं प्रशासन ने पीढ़ितों को हर संभव मदद की बात कही है।

### शादी से लौट रहे थे मृतक

टवेरा में सवार सभी लोग महेंद्रवाड़ी और माखननगर के निवासी थे, जो बुधनी में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। तवा पुल और आंचलखेड़ा के पास क्रॉसिंग के दौरान उनकी गाड़ी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टवेरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर चीख-पुकार व मातम पसर गया. सूचना मिलते आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों व राहगीरों की मदद से घायलो और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था और मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार सुबह 4 शव का पोस्टमार्टम माखननगर और एक शव का पोस्टमार्टम नर्मदापुरम में हुआ



### घायलों को लौटाई गई उपचार राशि

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशों के परिपालन में नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाइवे पर हुए सड़क हादसे के घायलों को निजी अस्पतालों में उपचार हेतु जमा कराई गई राशि वापस कर दी गई है। ममता यादव को 27 हजार रुपए, मनमोहन को 15 हजार रुपए तथा मुन्नालाल को 1 हजार 600 रुपए की राशि उनके बैंक खातों में जमा कराई गई है।

## हादसे में हुए हताहत हुए लोग

### हादसे में इनकी गई जान

शुभम मोरप्पा पिता सुखराम (18), निवासी महेंद्रवाड़ी,. विनीत यादव पिता मोहन यादव (22), निवासी महेंद्रवाड़ी, साहिल यादव पिता हरगोविंद यादव (19), निवासी महेंद्रवाड़ी, हरि सिंह पिता गणेशराम यादव (57), महेंद्रवाड़ी, संतोष प्रजापति पिता मंगल सिंह प्रजापति, ठाकुर मोहल्ला (माखननगर)

### हादसे में ये लोग घायल



अमन यादव, पिता केशव प्रसाद यादव (20), विनोद उइके, पिता भोलाराम उइके (22),भारत यादव, पिता दामोदर यादव (23),आकाश इवने, पिता मुन्नालाल इवने (25),देवांश इवने, पिता राम गोपाल इवने (15),सुमित, पिता सुखराम मोरप्पा (20), निवासी ग्राम महेंद्रवाड़ी,राजेश धुर्वे, पिता राम भरोस धुर्वे (35), निवासी ग्राम ताकू, थाना केसला है सभी का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है. घटना के सम्बन्ध में माखननगर टीआई अनूप उइके ने बताया घटना रात लगभग 1:30 बजे के आसपास की है। महेंद्रवाड़ी की बारात टवेरा गाड़ी से बुधनी से लौट कर आ रही थी तभी पिपरिया की तरफ से सोयाबीन से भरी ट्रैक्टर ट्राली आंचल खेड़ा और तवा के बीच में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और सात गंभीर रूप से घायल है।

## पीड़ितों के साथ प्रशासन, घायलों से मिले कलेक्टर और एसपी

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सोमवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा ने विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर घायलों का हाल जाना और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस कठिन समय में प्रशासन पीड़ितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। हादसे की सूचना मिलते ही कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी अस्पतालों—संजीवनी, मालवी और पांडे हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने आईसीयू और जनरल वार्ड में भर्ती एक-एक मरीज से बात की और डॉक्टरों से उनके उपचार की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर और एसपी ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



### आयुष्मान और पीएम राहत से होगा इलाज

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी घायलों का उपचार आयुष्मान योजना और प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान किसी भी मरीज या परिजन को दवाइयों, जांच या अन्य सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

# इटारसी में गेहूं रिजेक्शन पर भड़का किसानों का गुस्सा

### घंटों तक जाम रहा हाईवे, परेशान हुए राहगीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पसीने से सींची फसल जब मंडियों में 'नकार' दी जाए, तो किसान का धैर्य जवाब दे जाता है। सोमवार को इटारसी के सनखेड़ा स्थित परम वेयरहाउस खरीदी केंद्र पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सर्वेयर की 'कैंची' और रिजेक्शन के खेल से आक्रोशित किसानों ने सड़क पर उतरकर मोर्चा खोल दिया, जिससे घंटों तक यातायात की रफ्तार थमी रही।

### विवाद की जड़, सर्वेयर का 'रिजेक्शन'

जिला सहकारी बैंक पुरानी इटारसी के इस केंद्र पर हंगामा तब शुरू हुआ जब सर्वेयर टीम ने गेहूं की गुणवत्ता को मानकों से बाहर बताकर लौटाना शुरू कर दिया।

### किसानों का आरोप:

अच्छी फसल को भी जानबूझकर रिजेक्ट किया जा रहा है, जिससे उनकी मेहनत मिट्टी में मिल रही है।

### तनावपूर्ण स्थिति:

गुस्से का आलम यह था कि समिति कर्मचारी जेपी यादव को अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा। किसानों का कहना था कि यह मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जाम के बीच दिखी मानवता की मिसाल

हंगामे और नारों के बीच एक भावुक कर देने वाला पल तब आया जब जाम में एक एंबुलेंस फंस गई। आंदोलन कर रहे किसानों ने तुरंत अपना गुस्सा किनारे रखा और खुद रास्ता बनाकर एंबुलेंस को सुरक्षित बाहर निकाला। एंबुलेंस के निकलते ही किसानों का हक की लड़ाई के लिए प्रदर्शन फिर शुरू हो गया।

### प्रशासनिक सूझबूझ से थमा बवाल

हालात बिगड़ते देख एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा के निर्देश पर नायब तहसीलदार कृष्णकांत उईके और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

### अधिकारियों की दोटूक:

किसानों को साफ बताया गया कि केवल FAQ मानकों वाला गेहूं ही FCI स्वीकार करेगा। काफी देर तक चली समझाइश और गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद दोपहर में खरीदी कार्य पुनः बहाल हो सका। मौके पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी ने भी किसानों की बात प्रशासन के समक्ष रखी।

## अवस्थी बने मप्र तेंदुपत्ता व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष

**नर्मदापुरम।** भोपाल के एक होटल में मप्र तेंदुपत्ता व्यापारी महासंघ कि वार्षिक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे इटारसी के सत्येंद्र अवस्थी (बबलू ) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इंदौर निवासी रवि गुरनानी सचिव चुने गये। राष्ट्रीय महासंघ पदाधिकारियों कि उपस्थिति मे निवृतमान अध्यक्ष रवि गगरानी द्वारा अवस्थी का नाम प्रस्तावित किया। उक्त कार्यक्रम मे निवृतमान अध्यक्ष के पंद्रह वर्षीय कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रयासों से संघ को प्राप्त ऊंचाइयों कि सराहना कि गई एवं भविष्य मे संघ द्वारा उत्कृस्ट कार्य हेतु कामना कि गई। बैठक मे अजय बढ़ेरा, अरुण बढ़ेरा(गोंदिया), कल्पेश पटेल, संकेत पीपले (नागपुर), अमित जैन (इंदौर),अनिल जैन (सागर), लारीफ़ एहमद (भोपाल), मंजूर भाई (जबलपुर), खलील भाई,साजिद भाई (टोंक राजस्थान) पंकज तिवारी,नितिन तिवारी (नर्मदापुरम), साहिए मप्र के सभी सदस्य एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं तो लगेगा जुर्माना

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासकीय योजनाओं अभियानों एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने राजस्व, सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा प्रकरण, न्यायालय एवं आयोगो में लंबित मामले, शहर अन्य कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय स्तर पर समय-सीमा के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निराकरण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया जाएगा।

## सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी संबंधित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# निर्धन बच्चों की पढ़ाई और गरीब कन्याओं के विवाह में मदद करना मुख्य लक्ष्यः मोहनलाल मोरवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिंधी समाज की सक्रियता और सेवा कार्यों को विस्तार देने के उद्देश्य से 'सिंधु सेवा समिति' का गठन किया गया है। स्थानीय स्तर पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें मोहनलाल मोरवानी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके साथ ही देवी गुरवानी (सोनू) को सचिव और गौरव फुलवानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नवनियुक्त अध्यक्ष मोहनलाल मोरवानी ने समिति के सेवा संकल्पों को दोहराते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सिंधी कॉलोनी में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ समाज के निर्धन बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना है।

### होंगी गतिविधियां

उन्होंने आगे कहा कि समिति गरीब कन्याओं के विवाह में मदद करने और समाज के बच्चों के सर्वांगीण विकास व खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी।

### समिति की नई टीम में शामिल सदस्य

समिति में मार्गदर्शन के लिए संरक्षक मंडल में मोहनलाल चेलानी, श्रीचंद खुरानी, अर्जुनदास नवलानी, कैलाश नवलानी और अनिल मिहानी को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में विजय परियानी, बाबू वसानी, ओम सोनी, मनीष वसानी, विक्की फुलवानी, मप्पन लालवानी, मनोज बुधरानी, सुनील पंजवानी और भरत मेघानी को जिम्मेदारी दी गई है।

# विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु निगरानी समिति हुई गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुक्त उच्च शिक्षा एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है।

जारी आदेशानुसार कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गठित समिति में पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस. थोटा, नगरपालिका अधिकारी श्रीमती हिमेशवरी पटेल, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विवेक नागवंशी, सीएमएचओ डॉ. राजेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी अरुण रंगल, चिकित्सा शिक्षा विभाग से डॉ. नरसिंह राहलोत, तकनीकी शिक्षा विभाग से आर.आर. चन्द्राकर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय डॉ. अजय खेमरिया, नगरीय समाज के दो सदस्य श्रीमती चित्रा हर्णे एवं सुरूचि अग्निहोत्री तथा प्राचार्य शा. गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविधायक नर्मदापुरम डॉ. कामिनी जैन को सदस्य बनाया गया है।

# शिवाजी नगर में पेयजल समस्या का समाधान ट्रांसफार्मर ट्रिपिंग पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुरानी इटारसी के वार्ड नंबर 5 शिवाजी नगर में पेयजल समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने नपा अध्यक्ष पंकज चौरे को अवगत कराया। शिकायत मिलने के बाद अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नागरिकों की सहमति से समस्या के समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। क्षेत्र में लगे सार्वजनिक ट्यूबवेल में एमपीईबी के ट्रांसफार्मर के बार-बार ट्रिप होने से मोटर बंद होने की समस्या सामने आई। इस पर अध्यक्ष ने तत्काल विद्युत विभाग के एई को संज्ञान में लेते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए, ताकि पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो सके। इसके अलावा नागरिकों ने सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण से जुड़ी मूलभूत समस्याओं की भी शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान वार्ड पार्षद रमा अरविंद चंद्रवंशी, एल्डरमैन आशीष कुमार मालवीय, भाजपा नेता अवधेश मालवीय एवं अन्य उपस्थित रहे।

# 'गौ-माता' को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, सौंपे गए ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय संस्कृति की आधारशिला और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी 'स्वदेशी गोवंश' के संरक्षण और सम्मान के लिए सोमवार को इटारसी में एक बड़ा जन-अभियान देखने को मिला। 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के बैनर तले समस्त गोभक्तों, संत समाज और जागरूक नागरिकों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर देश के सर्वोच्च पदों पर आसीन नेतृत्व को संबोधित ज्ञापन सौंपे। अभियान के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मध्य प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम अलग-अलग मांग पत्र सौंपे गए। इन ज्ञापनों की मूल भावना भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 48 एवं 51 ए (जी) के अनुरूप 'अखिल भारतीय वेदलक्षणा गोवंश' को 'राष्ट्रमाता' या 'राष्ट्र आराध्या' का संवैधानिक दर्जा प्रदान करना है।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुरू किया 'नीर पखेरू अभियान'

# पशु पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध हो सके यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है: कलेक्टर सोमेश मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभा कक्ष से जिला स्तरीय 'नीर पखेरू अभियान' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शासकीय विद्यालयों के बच्चों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को एक-एक सकोरा भेंट कर अभियान की शुरुआत की। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में नर्मदापुरम जिला भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।




उन्होंने कहा कि 'नीर पखेरू अभियान' के अंतर्गत पक्षियों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित पेयजल सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान केवल पक्षियों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूली विद्यार्थियों एवं आमजन में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं सेवा भाव विकसित करने का भी सशक्त माध्यम बनेगा। अभियान को जिले में "एक सकोरा, पानी पक्षियों की जिंदगानी" थीम पर संचालित किया जाएगा। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने अनुविभागों में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी करें। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील करते हुए इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। कलेक्टर ने स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जल पात्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा 'वेस्ट से बेस्ट' के तहत बनाए गए घोंसलों एवं सकोरों की सराहना करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग कर हम सभी को पशु-पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बाघों की बहार

### बाघ को समीप से देख खुश हुए पर्यटक, खींची फोटो



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में इन दिनों बाघों की लगातार साईटिंग पर्यटकों को हो रही है। गत दिवस कोलकाता तथा नोएडा से आए पर्यटकों ने एक कद्दावर बाघ को बफर जोन में जल कुंड के समीप बैठे देखा। काफी देर तक बाघ जल कुंड के पास बैठा रहा। इस दौरान दर्जनों पर्यटकों ने बाघ को काफी समीप से देखा तथा कैमरे में उसकी छवि कैद की।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बैतूल/कोलगांव।** अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। यह आग लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में फैल गई। जिससे कई किसानों के खेतों में रखे पाइप, भूसा, जलाऊ लकड़ी सहित अन्य सामग्री आग की भेंट चढ़ गई। जिससे लगभग 50 किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं घटना में मवेशी बाल-बाल बच गये। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाई।

### कलेक्टर ने आमजन को प्रोत्साहित करने के दिए निर्देश

**बैतूल।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने 27 अप्रैल को आयोजित टीएल बैठक में समस्त विभागों को आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं स्वगणना पोर्टल पर आगामी 30 अप्रैल 2026 तक अपने विवरण को सरल, त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से दर्ज कर सकते हैं, जिससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि डेटा की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं आमजन को स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें तथा अधिक से अधिक लोगों को इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को प्रक्रिया में कोई कठिनाई न हो। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि स्व-गणना से संबंधित प्रचार-प्रसार गतिविधियों को तेज किया जाए, जिससे जिले में इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सके।

### बेजुबान पक्षियों के मददगार बने सांदीपनि स्कूल के छात्र



**बैतूल।** गर्मी का पारा लगातार बढ रहा है। ऐसे में इंसान तो अपनी प्यास बुझा लेते हैं, लेकिन तपती धूप में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी और ठिकाना ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इसी को देखते हुए शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल बाजार के छात्र-छात्राओं ने एक नेक पहल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर पक्षियों के रहने के लिए छोटे-छोटे घर (बर्ड हाउस) और पानी पीने के लिए सकोरे तैयार किए हैं। इस अभियान में प्रभारी प्राचार्य आर के मालवीय, प्रधानपाठक एम एल डडोरे, प्रधानपाठक एन आर हाके, राजेश्वर राव गायकवाड़, विनोद बरामदे और महेश यादव, निशा बोबडे, खुशबू साहू, नेहा मालवीय का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा। शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी नव्या पवार, एकवीरा हाके, अभय पावर, प्रियांशु बारस्कर, साहिल सूरयवंशी, मयंक सातपुते, श्रेयांस पवार, निशा बोबडे, और खुशबू साहू ने अपनी मेहनत से रंगीन पक्षी घर तैयार किए। इस दौरान बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पक्षियों को पानी पीते और दाना चुगते देखकर बहुत खुशी होती है। कुदरत ने यह बहुत ही अद्भुत दुनिया बनाई है और ये उड़ते पक्षी हमें जीवन में हमेशा आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। इन घरों और पानी के पात्रों को विद्यालय परिसर के पेड़ों पर लगाया जा रहा है, ताकि पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सके। विद्यार्थियों के इस प्रयास की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

राष्ट्रमाता दर्जा, वध पर पूर्ण प्रतिबंध और सख्त कानून की मांग

# सैकड़ों गौभक्तों की मौजूदगी में निकली गौ सम्मान पदयात्रा

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सोमवार को बैतूल शहर में विराट गौ सम्मान पदयात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में गौभक्त शामिल हुए। भीषण गर्मी भी गौभक्तों के हौसले को नहीं तोड़ पाई। राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गोवंश वध पर पूर्ण प्रतिबंध और सख्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत यह पदयात्रा सुबह 11 बजे शिवाजी ऑडिटोरियम से शुरू होकर तहसील कार्यालय पहुंची, जहां महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। पदयात्रा में भजन-कीर्तन और प्रार्थना के साथ शांतिपूर्ण तरीके से गौभक्त आगे बढ़े और शहर में आस्था का माहौल बना रहा। 9 सूत्रीय मांग पत्र में गौ संरक्षण, गौशालाओं को सहायता, गौ अभ्यारण्य निर्माण, तस्करी पर सख्त कानून और आधुनिक गौ चिकित्सालय स्थापित करने सहित गोवंश को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि भारतीय संस्कृति, प्राकृतिक कृषि, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था की आधारशिला मानी जाने वाली गोमाता आज सडक़ों, खेतों और गलियों में कष्टपूर्ण स्थिति में भटक रही है। भूख, दुर्घटनाओं, तस्करी और वध के कारण देशी गोवंश की संख्या लगातार घट रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में वर्ष 1966 के गोरक्षा आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा गया कि लंबे समय से गोसंरक्षण को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए, जबकि अब समय निर्णायक नीति बनाने का है। इसमें प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए गोमाता को संवैधानिक संरक्षण और राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग की गई। प्रस्ताव में गोवंश वध और तस्करी को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध घोषित कर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान करने, अपराध में प्रयुक्त संपत्ति और वाहनों को राजसात करने और पशुपालन विभाग से अलग स्वतंत्र गो-पालन मंत्रालय बनाने की मांग की गई। साथ ही पूरे देश में एक समान केंद्रीय कानून लागू करने का सुझाव दिया गया। आर्थिक और कृषि क्षेत्र में पंचगव्य अनुसंधान केंद्र स्थापित करने, गोबर और गोमूत्र आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने और किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया।

गो आधारित उत्पादों के लिए बाजार व्यवस्था विकसित करने और सरकारी संस्थानों में इनके उपयोग को अनिवार्य करने की भी बात कही गई। बुनियादी ढांचे में प्रत्येक जिले में गो अभयारण्य, ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला, गोशालाओं को अनुदान, चारा प्रबंधन और गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव शामिल है। इसके साथ ही बायोगैस प्लांट के माध्यम से ऊर्जा उत्पादन और मृत गोवंश के सम्मानजनक अंतिम संस्कार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। स्वास्थ्य और सुरक्षा के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर गो-एम्बुलेंस, ट्रॉमा सेंटर और गो चिकित्सालय स्थापित करने, प्रत्येक जिले में पंचगव्य चिकित्सालय खोलने, स्कूलों के पाठ्यक्रम में गोवंश का महत्व शामिल करने और मध्याह्न भोजन योजना में गो दुग्ध उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर मंदिरों में केवल देशी गो उत्पादों के उपयोग, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड का हिस्सा गो सेवा में लगाने, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध और डीजल, पेट्रोल, टोल टैक्स जैसी सेवाओं पर गो-सेस लागू कर गो कल्याण कोष बनाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। अभियान की कार्ययोजना के अनुसार 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपने के बाद मई से जुलाई तक शासन से संवाद किया जाएगा। इसके बाद जुलाई, अक्टूबर और आगे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन बढ़ाया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर 2027 में नई दिल्ली में विशाल, अहिंसक जनआंदोलन, संकीर्तन और प्रार्थना के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाया जाएगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल के नेतृत्व में नहीं है, गोमाता को प्रधान संरक्षक और नंदी को प्रतीकात्मक अध्यक्ष मानकर देशभर के संत समाज, गोभक्त, गोशाला संचालक और नागरिकों द्वारा स्वस्फूर्त रूप से संचालित किया जा रहा है।

### गौसेवकों ने पीएम-सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**भैंसदेही।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत गौ-सेवकों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार भगवानदास कुमरे को सौंपा। जिसमें गौ-सेवकों ने मांग की है कि मप्र में गौवंश के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को संविधान के अनुच्छेद 48 में आवश्यक संशोधन कर केन्द्रीय गौ सेवा एवं सरंक्षण अधिनियम लागू करने तथा पृथक गोपालन मंत्रालय की स्थान के लिए अनुशंसा प्रेषित की जाए, ताकि संपूर्ण राष्ट में गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लग सके। साथ ही राज्य स्तर पर समस्त वधशालाओं के लाइसेंस तुरंत निरस्त कर वध पर कठोर कार्रवाही सुनिश्चित की जाए। गौ-तस्करी और गौ-वध को संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध की श्रेणी में रखकर आजीवन कारावास तथा अपराध में संलिप्त दोषियों की संपत्ति कुर्क (राजसात) करने का कठोर विधिक प्रावधान हो। स्कूली पाठ्यक्रमों में गौ-विज्ञान को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए, ताकि भावी पीढी गौवंश के आध्यामिक वैज्ञानिक, औषधिय और आर्थिक महत्व को समझ सके। गौ सेवकों ने मांग की कि पंचगव्य (गोबर-गोमूत्र) अनुसांधान को बढ़ावा देकर इन्हें प्राकृतिक कृषि के लिए जैविक खाद्य, कीटनाशक और औषधि के रूप में सरकारी खरीदी तंत्र से जोड़ा जाए। स्कूलों में मिड डे मील व मंदिरों के प्रसाद में केल देशी गौ घृत व दुग्ध का उपयोग अनिवार्य हो।



### गौ सेवकों ने गौ सम्मान आह्वान अंतर्गत पत्रक सौंपा

**शाहपुर।** सोमवार को देशभर के गौ सेवकों ने गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम पत्रक सौंपा गया। शाहपुर नगर के गौ सेवकों ने हस्ताक्षर पत्र के साथ एसडीएम तहसील कार्यालय शाहपुर पहुंचकर भारत में गौ माता को उचित सम्मान की मांग को लेकर पत्रक दिया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ संवर्धन के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग करना है।

घरेलू विवाद में की थी हत्या

## पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल बाजार पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में फरार चल रहे पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी के सिर पर पत्थर मारकर हत्या करने और शव को ताप्ती नदी में फेंकने की बात कबूल की है। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यह मामला 19 अप्रैल 2026 का है। ग्राम गांडवा निवासी बिमला बाई चढ़ोकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी बाली बाई सुबह करीब 10 बजे ताप्ती नदी पर कपड़े धोने और नहाने गई थी। लगभग एक घंटे बाद गांव के धनाराम बारस्कर ने सूचना दी कि नदी किनारे खेत के पास बाली की चप्पल और कपड़े पड़े हैं, लेकिन वह वहां नहीं है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की, जिसके बाद बाली बाई का शव ताप्ती नदी के पानी में मिला। शव को बाहर निकालने पर उसके सिर के पीछे करीब डेढ़ इंच गहरी चोट पाई गई, जिससे खून बह रहा था। इससे हत्या की आशंका जताई गई। प्रारंभिक जांच में ही परिजनों ने मृतका के पति मोंगिया जावरकर पर संदेह व्यक्त किया था, क्योंकि वह घटना के बाद से ही फरार हो गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी सिर पर गंभीर चोट के कारण मृत्यु की पुष्टि हुई। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और तकनीकी माध्यमों से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई।गहन जांच और तलाश के बाद, पुलिस ने 26 अप्रैल को आरोपी मोंगिया जावरकर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी बाली बाई के सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी थी और फिर शव को नदी में फेंककर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर ली है। मामले में आगे की पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंजना धुर्वे और उनकी पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## माचना पुनर्जीवन अभियान के तहत श्रमदान कर निकाली गई जलकुंभी



**बैतूल।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम (द्वितीय चरण) के तहत जिले की जीवनदायिनी माँ माचना नदी को जल खरपतवार (जलकुंभी) से मुक्त करने के उद्देश्य से पद्मश्री मोहन नागर (उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद राज्य मंत्री दर्जा) के नेतृत्व में रविवार को सदर क्षेत्र स्थित घाट पर प्रातः 7 से 9 बजे तक विशेष श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में पर्यावरण संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं नगर के जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी, नवांकुर संस्थाएं बैतूल, ग्रीन टाइगर्स की टीम, माँ माचना जन्मोत्सव समिति, परामर्शदाता, वार्डवासी एवं नगरपालिका बैतूल के संयुक्त सहयोग से 50 से अधिक श्रमदानियों ने नदी से जलकुंभी निकालकर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान उपाध्यक्ष नागर द्वारा उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जल चौपाल आयोजित कर विचार-विमर्श किया गया।

बेकार वस्तुओं से बच्चों ने समझें विज्ञान के जटिल सिद्धांत

## विज्ञान अब बोझ नहीं, एक मजेदार खेल है: सुरेश अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा




शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुर में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में विज्ञान मढ़ई का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने जाना कि कैसे घर की अनुपयोगी हो चुकी वस्तुओं से विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को समझा जा सकता है। नागपुर के वैज्ञानिक सुरेश अग्रवाल ने शून्य प्रयोगों से हवा, दबाव और गुरुत्वाकर्षण जैसे जटिल विषयों को बेहद सरल बना दिया। प्राचार्य राधेलाल भादे ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्राओं को खेल-खेल में विज्ञान के प्रति जागरूक करना और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। इस अवसर पर नागपुर से आमंत्रित मुख्य रिसोर्स वैज्ञानिक सुरेश अग्रवाल ने विशेष कार्यशाला आयोजित की। उन्होंने अपनी अनूठी शैली और शून्य लागत वाली सामग्रियों के माध्यम से बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री अग्रवाल ने इन वस्तुओं का उपयोग कर हवा, दाब ताप, घर्षण , गुरुत्वाकर्षण और ध्वनि से जुड़े जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को बहुत ही रोचक और सरल प्रयोगों के जरिए समझाया। इस नवाचारी पहल की सराहना करते हुए सहायक संचालक एस के जैन ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में न केवल विज्ञान के प्रति रुचि बढती है, बल्कि उनकी रचनात्मक क्षमता का भी विकास होता है। विज्ञान मढ़ई में थ्रीडी साइंस फिल्म शो का भी आयोजन किया गया, जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया। इसके साथ ही विज्ञान खेल के जरिए बच्चों की तार्किक क्षमता को परखा गया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मो. अबरार अली अंसारी ने प्रतिभागी छात्रों को मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और वे किताबी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में समझ पाते हैं।

## जल गंगा अभियान तहत भुजरिया घाट की श्रमदान कर की सफाई

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी ने जल गंगा अभियान के सोमवार 27 अप्रैल को शोभापुर कॉलोनी स्थित भुजरिया घाट की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। नाले में गाद अधिक होने के कारण नगर पालिका की जेसीबी की मदद से इसे निकाला गया। इसके बाद नाला और इस पर बना भुजरिया घाट स्वच्छ हो गया।

नगर पालिका द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सार्वजनिक जलस्त्रोतों की सफाई का अभियान सतत जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं आम नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। सोमवार को वार्ड 31 एवं 32 के मध्य स्थित भुजरिया घाट शोभापुर की सफाई की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षद गणेश महस्की, जफर अंसारी, रेखा भलावी, सरिता वागद्रे, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सोनी, सहायक नोडल अधिकारी कमलेश पटेल, गुरूस्वामी एरूलू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने श्रमदान कर इसे साफ किया। नाले में गाद ज्यादा होने के कारण नगर पालिका की जेसीबी से उसे भीतर से साफ किया गया। इससे इसका गहरीकरण भी हो गया। बारिश के दिनों में इसका पानी सुलभ तरीके से निकल जाएगा।

### विद्यार्थियों से लिया फीडबैक

भोपाल से आए कंसलटेंट अधिकारियों ने सारनी के स्कूलों के विद्यार्थियों से जल गंगा अभियान को लेकर फीडबैक लिया। नगर पालिका सभाकक्ष में आयोजित अनौपचारिक कार्यक्रम में अधिकारियों ने बच्चों को जल संवर्धन की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जलीय संरचनाओं का सर्वे किया। सारनी निकाय क्षेत्र में हो रहे कार्यों पर कंसलटेंट टीम ने संतुष्टि जताई।

7 करोड़ 89 लाख की लागत से बननी है टू लेन सड़क

# पोल शिफ्टिंग में उलझी गाड़ाघाट रोड, निर्माण की धीमी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शहर के गाड़ाघाट से लिंक रोड तक 2.70 किमी सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। सडक़ निर्माण कार्य में तकनीकी नियमों और सुरक्षा मानकों को दरकिनार किया जा रहा है, खासकर बिजली के खंभे शिफ्ट किए बिना ही सडक़ बनाई जा रही है। नतीजतन इस मार्ग पर 90 से अधिक बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर कहीं आशिक रूप से, तो कहीं पूरी तरह सडक़ के बीच खड़े नजर आ रहे हैं। यह स्थिति न केवल यातायात की दृष्टि से खतरनाक है, बल्कि हादसों का कारण भी बन रही है।

बता दे कि बैतूल विधायक के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन अब बिजली के खंभे सडक़ निर्माण के बीच में आ रहे है। हालांकि डेढ़ माह पहले पोल शिफ्टिंग के टैंडर हो चुके है, लेकिन अभी तक पोल शिफ्टिंग का काम शुरू नहीं हो पाया है और इसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।

### पांच वार्डों से गुजरती है सड़क

उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

### ड्रेनेज सिस्टम का काम भी अटका

पोल शिफ्ट नहीं से ड्रेनेज सिस्टम पर भी असर पड़ा है। सडक़ के साथ ड्रेनेज लाइन डालने का काम शुरू होना था, लेकिन पोल बीच में होने से ड्रेनेज का कार्य अटका है। बताया जा रहा है कि सर्वे में करीब 99 बिजली के पोल चिन्हित किए गए थे और शिफ्टिंग के लिए टेंडर भी लगाए गए थे, जिसका टैंडर हो चुका है। करीब 90 लाख से पोल शिफ्टिंग होना हैं। लोगों का कहना है कि सडक निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने दूरदर्शिता नहीं दिखाई है। अतिक्रमण हटवाते समय ही बिजली के खंभे शिफ्टिंग की प्लानिंग कर ली होती तो अब तक शिफ्ट करवाने का काम हो गया होता, लेकिन पोल शिफ्टिंग की शुरुआती कार्रवाई ही अब तक नहीं हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 90 लाख से होना है पोल शिफ्टिंग

गाड़ाघाट से लिंक रोड तक 2.70 किमी सडक़ सडक़ में आने वाले बिजली पोल की शिफ्टिंग करीब 90 लाख की लागत से होना है। पीडब्ल्यूडी विभाग का तर्क है कि पोल शिफ्टिंग को लेकर टैंडर हो चुके है। जल्द ही काम भी शुरू कर दिया जायेगा। अभी जिस जगहों पर पोल लगे हैं वहां निर्माण का कुछ हिस्सा छोड़ दिया है। पोल के आसपास सुरक्षा के लिए कोई संकेतक या रेडियम पट्टी नहीं लगाई गई है। ऐसे में रात्रि के समय पोल नजर नहीं आते हैं। इधर, जानकारों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन के बाद विभागीय दबाव में सडक़ का निर्माण कार्य जल्दबाजी में शुरू तो करा दिया गया, लेकिन इसका खामियाजा अब आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

### 10 मीटर चौड़ी बनना है सडक

अभी कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक़ बनेगी। सडक की चौड़ाई बढऩे से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक है, इसकी जगह पर करीब 7 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक बनाई जायेगी।

### निर्माण चालू है

पोल शिफ्टिंग को लेकर टेंडर हो गए हैं। सामग्री भी आ गई है। जल्द ही पोल शिफ्टिंग का काम शुरू हो जायेगा। सडक़ का निर्माण अभी चालू है।

- प्रीति पटेल, ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग, बैतूल

## खबर संक्षेप

### कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**इटारसी।** पथरोटा पुलिस ने लापरवाही से कार चलाकर बाइक सवार को टक्कर मारने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना शासकीय माध्यमिक स्कूल, पीपलढाना के सामने की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पीपलढाना निवासी सूरज मसकोले 30 वर्ष, पिता रेवाराम मसकोले, अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात कार चालक ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए सूरज को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सूरज को शारीरिक चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।फिलहाल पुलिस आरोपी चालक और वाहन की तलाश कर रही है।

### चाकू लेकर घूम रहे दो भाई गिरफ्तार

**इटारसी।** सिटी पुलिस ने 18 बंगला क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नूरानी मस्जिद वाली गली, नाला मोहल्ला निवासी अयान खान पिता सुलेमान खान 22 वर्ष से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया। मामले में सउनि गुलाब तिवारी ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने इसी क्षेत्र से उसी के भाई रेहान खान पिता सुलेमान खान 19 वर्ष को पकड़ा। आरोपी के पास से भी एक स्टील का चाकू जब्त किया। इस मामले में सउनि दिनेश झरबड़े ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पर आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत केस दर्ज किया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अवैध हथियार जब्त कर आरोपियों को हिरासत में लिया है।

## पुलिस ने किया खुलासा, कड़ियासांसी गिरोह की सक्रियता

# अनाज व्यापारी के मुनीम के 5.50 लाख रुपए गाड़ी से महिला ने चुराए थे

अनाज व्यापारी के मुनीम के साथ हुई 5.50 लाख रुपये की चोरी की घटना में आरोपी महिला को पकड़कर राशि जब्त की है। पुलिस ने नागरिकों से सावधानी रखने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर पुलिस ने शहर में अनाज व्यापारी के मुनीम के साथ हुई 5.50 लाख रुपये की चोरी की घटना में आरोपी महिला को पकड़कर राशि जप्त की है। मामले में सोमवार को सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान एवं टीआई राहुल रायकवार ने प्रेस वार्ता में घटना का खुलासा किया है।

प्रेस वार्ता में एसडीओपी संजू चौहान तथा थाना प्रभारी राहुल रायकवार ने बताया कि 23 अप्रैल 2026 को थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत आवेदक अनाज व्यापारी पराग शर्मा पिता श्याम शर्मा निवासी सेमरी हरचंद ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उल्लेख था कि उनका अकाउंटेंट तिलक मालवीय पिता नितिन मालवीय बैंक कार्य के लिये थार गाड़ी से सोहागपुर बैंक गया था। सिद्धार्थ एवं सौरभ चौधरी के नाम रजिस्ट्री होना प्रस्तावित थी, जिसके लिए सभी लोग सोहागपुर बैंक गए थे। मुनीम तिलक मालवीय ने सोहागपुर एसबीआई से पांच लाख पचास हजार रुपये निकाले तथा वह साथियों सहित थार गाड़ी से केनरा बैंक गया। केनरा बैंक के सामने वाहन खड़ा किया तथा रुपयों भरा थैला गाड़ी में ही रखकर सभी केनरा बैंक में चले गए। इस दौरान किसी

पकड़ी गई कड़ियासांसी गिरोह की आरोपी महिला, जप्त की पूरी राशि



अज्ञात महिला द्वारा वाहन में रखा नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया गया।

### की त्वरित कार्रवाई

गंभीर घटना पर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम सांई कृष्णा एस थोटा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के निर्देशन एवं एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।

टीम ने शहर में प्रमुख स्थानों एवं संभावित मार्गों के सीसीटीवी फुटेज एकत्रकर उनका सूक्ष्म विश्लेषण किया व मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। फलस्वरूप जानकारी मिली कि राजगढ़ जिले के थाना बोड़ा क्षेत्र के कड़ियासांसी गांव निवासी महिला सुधा उर्फ सुगना पति अजब सिंह उर्फ हरवीर ने चोरी को अंजाम दिया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित द्वारा ग्राम कड़ियासांसी थाना बोड़ा जिला राजगढ़ में दबिश दी गई और आरोपी महिला को अभिरक्षा में लिया गया। महिला के कब्जे से पूरी राशि रू 5,50,000 बरामद कर ली गई है। पुलिस की तत्परता व प्रभावी कार्रवाई से चोरी की घटना को अंजाम देने वाली आरोपिया सुधा उर्फ सुगना पति अजब सिंह उर्फ हरवीर से चोरी का खुलासा हुआ है।

### यह थी सफल पुलिस टीम

एसडीओपी संजू चौहान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मामले की जांच व सफलता के लिये त्वरित कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम में सोहागपुर थाना प्रभारी राहुल रायकवार, एसआई राहुल पटेल, एएसआई मनोज राजपूत, प्रधान आरक्षकद्वय विनोद नागर तथा मंजूलता परते, आरक्षकगण मनोहर दायमा, राजकुमार यादव, विवेक सोनपुरे, सुनील ओझा को शामिल किया गया था। पूरी टीम की इस त्वरित कार्रवाई मामले में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अंतर्राज्यीय गिरोह की चुनौती

पुलिस सूत्रों के अनुसार कड़यियासांसी गिरोह अंतर्राज्यीय गिरोह है। यह गिरोह बैंकों अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने से बड़ी राशि की लूट करने के मामलों में कुख्यात है। नर्मदापुरम् जिले में इस गिरोह की आमद पुलिस के लिये बड़ी चुनौती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कड़यियासांसी गिरोह के द्वारा मध्य प्रदेश सहित आसपास के प्रदेशों में इसी तरह की चोरी की कई घटनाओं को कई बार अंजाम दिया गया है। मामले में नर्मदापुरम् पुलिस अधिकारियों ने विशेष हिदायत बरतने के निर्देश सभी थाना क्षेत्रों में दिये हैं। वहीं नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की है।

### इनका कहना है



"वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सोहागपुर पुलिस टीम ने अल्प समय में बड़ी कार्रवाई की है। एसपी महोदय ने पुलिस टीम को सफलता पर बधाई दी है।"-

**संजू चौहान, एसडीओपी सोहागपुर।**



जनता से अपील है कि बैंक से राशि निकालते समय सावधानी बरतें। संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। व्यापारी बंधु प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं।"-

**राहुल रायकवार, थाना प्रभारी सोहागपुर।**

# इटारसी के खापा सोलर प्लांट से लाखों की केबल हुई चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ऑर्डनेंस फैक्ट्री के पास खापा सोलर प्लांट में शातिर चोरों ने बड़ी सेंधमारी की है। भेल द्वारा संचालित इस विशालकाय सोलर प्लांट से करीब 2 से 3 लाख रुपये की केबल चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

यह चोरी महज एक इत्तेफाक नहीं, बल्कि एक सोची-समझी वारदात प्रतीत होती है। करीब 56 एकड़ में फैले इस प्लांट के केवल उसी हिस्से को निशाना बनाया गया, जहां करंट का प्रवाह नहीं था। चोरों को यह सटीक जानकारी होना कि किस केबल को हाथ लगाने पर खतरा नहीं है, स्पष्ट रूप से किसी भीतरी व्यक्ति या प्लांट की बारीकियों से वाकिफ जानकार की संलिप्तता की ओर इशारा कर रहा है।

### कैमरे बंद, सुरक्षा पर उठे सवाल

हैरानी की बात यह है कि जहां पूरी दुनिया तकनीक और कैमरों की निगरानी में है, वहीं वारदात वाली जगह के सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। सुरक्षा व्यवस्था में इस बड़ी लापरवाही ने अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। पथरोटा बिजली कंपनी को बिजली सप्लाई करने वाले इस महत्वपूर्ण प्लांट में इस तरह की सुरक्षा चूक ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पुलिस की पड़ताल जारी

पथरोटा थाना प्रभारी मोनिका गौर ने टीम के साथ घटनास्थल का मुआयना किया है। पुलिस का कहना है कि वे तकनीकी सुराग और आस-पास के सक्रिय नेटवर्क को खंगाल रहे हैं। हालांकि कैमरे बंद होने से जांच चुनौतीपूर्ण हो गई है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी से मिले पेंशनर, सौंपा ज्ञापन

**नर्मदापुरम।** जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम एल . एन . प्रजापति से पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से सोहार्दपूर्ण चर्चा करते हुए पेंशनरों के संकुल स्तर पर लंबित मामलों के शीघ्र निपटारा कराने का अनुरोध किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जारी करते हुए समय सीमा में पालन नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। जिला सचिव राजेंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून/ 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को एक अतिरिक्त वेतन-वृद्धि दिये जाने के आदेश जारी हुए हैं। जिन्होंने माननीय न्यायालय में याचिका दाखिल नहीं की है उन्हें 1 जुलाई 23 से पूर्व वेतन-वृद्धि का काल्पनिक लाभ दिया जाकर नगद भुगतान किया जाना है। इस दौरान कार्यकारी जिलाध्यक्ष मुकेश तिवारी , जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा , सत्तार खान, गनपत दीक्षित, शैरसिंह राजौरिया, एस . एस. भदौरिया आदि उपस्थित थे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा ने दी आंदोलन की चेतावनी

## स्लॉट बुकिंग न होने के कारण किसान केंद्रों पर फसल नहीं बेच पा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता गिरजाशंकर शर्मा ने सोमवार को इटारसी कृषि उपज मंडी और सरकारी खरीदी केंद्रों का दौरा कर किसानों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान पाया गया कि स्लॉट बुकिंग न होने के कारण किसान सरकारी केंद्रों पर फसल नहीं बेच पा रहे हैं और मंडी में मात्र 2450 रुपए के कम दाम पर गेहूं बेचने को मजबूर हैं। साथ ही खरीदी केंद्रों पर जगह की कमी और एफसीआई द्वारा गेहूं रिजेक्ट किए जाने जैसी अव्यवस्थाएं भी सामने आईं।

### प्रशासन को बुधवार तक का अल्टीमेटम

शर्मा ने तत्काल इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा से चर्चा कर



समस्याओं के निराकरण की मांग की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि बुधवार तक व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो गुरुवार को पुनः निरीक्षण किया जाएगा और किसान हित में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर मयूर जायसवाल पूर्व अध्यक्ष नगर कांग्रेस, अजय सैनी पूर्व अध्यक्ष होशंगाबाद नगर कांग्रेस, सौम्य दुबे युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, गौरव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, गोल्डी बैस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, प्रतीक मालवीय एनएसयूआई प्रदेश महासचिव, प्रणीत मिश्रा, हिमांशु बाबू अग्रवाल, विशाल बड़कुर, अभय सैनी, कपिल यादव, गोवर्धन यादव, हिमांशु चौधरी और सूरज तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चिंतन: सिवनी मालवा के स्कूलों में बजी खतरे की घंटी, 973 विद्यार्थी हुए कम

## स्कूल शिक्षा पोर्टल की रिपोर्ट ने खोली हकीकत, शिक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। स्कूल शिक्षा पोर्टल 3.0 की 27 अप्रैल 2026 की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ब्लॉक के सरकारी और निजी स्कूलों में कुल छात्र संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

वर्ष 2025-26 में जहां कुल 31 हजार 631 विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं वर्ष 2026-27 में यह संख्या घटकर 30 हजार 658 रह गई है। यानी एक ही साल में 973 विद्यार्थियों की कमी दर्ज हुई है। यह आंकड़ा शिक्षा विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है।

रिपोर्ट में सबसे ज्यादा गिरावट कुछ प्रमुख स्कूलों में दर्ज की गई है। जीएचएसएस बाघवाड़ा में 78 छात्र कम हुए हैं। द राइजिंग पब्लिक स्कूल पगढाल में 70 विद्यार्थियों की कमी आई है। ज्ञानज्योति पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल खापरिया में 69 छात्र घटे हैं। जीएचएसएस खापरिया में 67 विद्यार्थियों की गिरावट दर्ज हुई है, जबकि नर्मदा वैली अकादमी सिवनी मालवा में 62 छात्र कम हो गए हैं। इससे साफ है कि केवल छोटे स्कूल ही नहीं, बल्कि बड़े और स्थापित संस्थान भी इस संकट से जूझ रहे हैं।

### शासकीय स्कूलों की हालत भी चिंताजनक

सरकारी स्कूलों में भी छात्र संख्या में गिरावट देखी गई है। पीएमश्री गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी मालवा में 30 छात्र कम हुए हैं। शासकीय संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल में 23 विद्यार्थियों की कमी दर्ज हुई है। मॉडल मिडिल स्कूल, जीएचएस नवीन सिवनी मालवा और कई ग्राम स्तरीय स्कूलों में भी छात्र संख्या नीचे आई है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या सरकारी स्कूलों पर अभिभावकों का भरोसा कमजोर हो रहा है।

निजी स्कूलों की स्थिति भी पूरी तरह मजबूत नहीं दिख रही है। जीव ज्योति पब्लिक हाई स्कूल हथनापुर में 45 छात्र कम हुए हैं। टैगोर मॉडल पब्लिक स्कूल शिवपुर में 36 की गिरावट आई है। आचार्य चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल सिवनी मालवा में 35 छात्र घटे हैं। कई निजी संस्थानों में कम एडमिशन यह संकेत दे रहे हैं कि अब अभिभावक स्कूल चुनने में ज्यादा सतर्क हो गए हैं।

### कुछ बने उम्मीद की किरण

जहां कई स्कूलों में गिरावट दर्ज हुई, वहीं कुछ संस्थानों ने शानदार प्रदर्शन भी किया है। जीएचएसएस शिवपुर में 119 विद्यार्थियों की बढ़ोतरी हुई है, जो पूरे ब्लॉक में सबसे ज्यादा है। जीएचएसएस मालापट में 110 छात्रों की वृद्धि हुई है। सेंट चार्ल्स कॉन्वेंट स्कूल सिवनी मालवा में 69 छात्र बढ़े हैं। नर्मदा पब्लिक स्कूल नंदरवाड़ा में 58 और स्वामी दयानंद सरस्वती आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में 39 छात्रों की वृद्धि दर्ज की गई है। इन स्कूलों की बढ़ती संख्या बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर संकेत करती है।

### क्यों घट रहे छात्र, कारण सामने

शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार छात्र संख्या घटने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन, निजी स्कूलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा, शिक्षा की गुणवत्ता, परिवहन सुविधा की कमी, डिजिटल पढ़ाई का बढ़ता प्रभाव और अभिभावकों की बदलती सोच इसके प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। कई परिवार अब बच्चों को बेहतर सुविधाओं वाले स्कूलों में भेजना पसंद कर रहे हैं।

### शिक्षा विभाग के लिए चेतावनी

लगातार घटती छात्र संख्या शिक्षा विभाग के लिए सीधी चेतावनी मानी जा रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में कई छोटे स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। खाली होती कक्षाएं, घटते संसाधन और कमजोर परिणाम भविष्य में बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

### अब क्या करेगा प्रशासन

अब सबकी नजर शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन पर टिकी है कि वे इस गिरावट को रोकने के लिए क्या रणनीति बनाते हैं। यदि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शिक्षक व्यवस्था, आधुनिक सुविधाएं और जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं तो हालात सुधर सकते हैं। फिलहाल यह रिपोर्ट सिवनी मालवा की शिक्षा व्यवस्था के लिए खतरे की घंटी साबित हुई है।

# एक दिवसीय हड़ताल पर रहे कृषि आदान व्यापारी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र के कृषि आदान व्यापारियों ने सोमवार को विविध समस्याओं के निराकरण की मांग का एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम सौंपा है। तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े को यह ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन अनुसार एग्रो इनपुट डीलर्स एसोशिएशन नई दिल्ली खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का रजिस्टर्ड संगठन है, जो पांच लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। व्यापारी 10 वर्षों से विविध समस्याओं का सामना कर रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों से निवेदन के बाद भी निराकरण नहीं होने पर 27 अप्रैल 2026 को पूरे देश के कृषि आदान व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर हैं। इस दौरान कृषि आदान विक्रेता संघ सोहागपुर से राजेश पालीवाल, कृपालदास, सुनील कुमार, दीपक काबर, रामबाबू, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

### बताई ये समस्याएं

खाद की जबरन लिंकिंग प्रतिबंधित हो। उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पाद लिंकिंग को अपराध घोषित करें। आदि शामिल हैं।

# फाइनल में आईपीसीए ने अलअहमद को नौ विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आईपीसीए भोपाल ने अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स को नौ विकेट से हराया। आईपीसीए की ओर से समीर कुरैशी ने 24 गेंद पर 68 रन की पारी खेली। वहीं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेपी यादव ने 33 रन बनाए। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनिल पालीवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक रायसिंह कमल डबरी, राजकुमार गुप्ता, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, मुकेश मेवाड़ा, राजेश मांझी, जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, गौरव मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, अनुज मेवाड़ा, सुरेन्द्र रल्हन, वरुण शर्मा, नागेन्द्र व्यास, आशीष शर्मा, नवीनत तोमर, आयोजनकर्ता चेतन मेवाड़ा आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलअहमद सीनियर ने 18.4 ओवर में दस विकेट खोकर 115 रन का स्कोर बनाया था। इसमें शाबिर मोहम्मद ने 38 गेंद पर 65 रन, हिमांशु तिवारी 14 रन, आमिर खान 16 रन बनाए थे। वहीं देवेन्द्र सिंह, सन्नी भटनागर, विनोद पाल ने तीन-तीन विकेट और एक विकेट पियुष राज सक्सेना ने हासिल किया।

## कतिया समाज ने किया आयोजन

# संत भूराभगत की निकाली विशाल शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कतिया समाज के आराध्य एवं भगवान शिव के सेवक संत भूरा भगत के जन्म उत्सव मनाया गया।एक दिन पूर्व समाजिक भवन में हमेशा की तरह भगवान शिव का एवं संत भूरा भगत का पूजन किया गया। अभिषेक किया गया ।

जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी जिला महामंत्री ममता नागवंशी जिला पंचायत सदस्य व्रज किशोर पठारिया मनोज नागोत्रा ममता नागोत्रा विष्णु जावे सहित अन्य सभी सामाजिक व्यक्तियों द्वारा एकत्रित होकर पूजा



अर्चना किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। दुसरे दिन शोभायात्रा निकाली गई। पुरानी गल्ला मंडी से शोभायात्रा निकालकर पचमढ़ी रोड स्थित सामाजिक समरसता और सुरक्षा सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई।

भवन पर शोभायात्रा का समापन किया गया।इस दौरान नगर की सभी जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों ने स्वागत सम्मानित किया।

मंगलवारा चौराहे पर भाजपा केदारा नगरपालिका परिषद के द्वारा हिंदू उत्सव समिति द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा लगातार पूजा अर्चना कर स्वागत सम्मानित किया गया। महिलाओं सहित सभी की सराहनीय उपस्थिति रही है। कतिया समाज की जनपद पंचायत अध्यक्ष सभी सरपंच सचिव रोजगार सहायक शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अन्य सभी लोगोंकी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# समस्याओं को लेकर कृषि आदान विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार संचालित क्रषि आदान विक्रेता संघ ने केंद्र सरकार राज्य सरकार द्वारा संबंधित सभी विक्रेताओं को जिस तरह से अनेकनेक अनमितताए बताकर दुकान दार को ही दोषी ठहराया जा रहा है। जिसके कारण सभी दुकानदार प्रतिष्ठित परिवार से हैं। उसके बाद भी कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी वर्ग से लेकर सभी आए दिन उंगली उठाते हैं। जिसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस समस्या को लेकर सौंपा। ज्ञापन सौंपने बालों में जयदीप सिंह पटेल , आशीष सोडानी ,अतुल कुमार अग्रवाल दिलीप कुमार दुदानी विजय लाहोटि अशोक रघुवंशी व्रजेश हटकर शेर सिंह भूपेंद्र सिंह अरविंद पटेल विनोद कुमार अरुण कुमार राजेंद्र सिंह सहित अन्य सभी शामिल हुए।

**इश्तहार**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की प्लाट नं. दुकान क्रं. 14 तिलक मार्केट पक्की दुकान जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री राकेश कुमार मालवीय S/o कोमल प्रसाद मालवीय के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री आदित्य पटेल S/o दीपक पटेल के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

**इश्तहार**

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् इटारसी की दुकान पक्की प्लाट नं. दुकान क्रं. 15 तिलक मार्केट पक्की दुकान जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री राकेश कुमार मालवीय S/o कोमल प्रसाद मालवीय के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री आदित्य पटेल S/o दीपक पटेल के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी**

## खबर संक्षेप



### कृषि विज्ञान केंद्र की मूंग फसल उत्पादक कृषकों को सलाह

**हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि जिले में कहीं-कहीं किसानों के खेतों में मूंग फसल में झुलसा (बेक्टेरियल बाइट) के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उन्होने बताया कि इसमें तने एवं पत्तियों पर छोटे-छोटे भूरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं साथ ही पत्तियां तथा शाखों का मुरझाना और काला पड़ जाना, वृद्धि में रुकावट आ जाना आदि लक्षण दिखाई देते है। एक ही खेत में लगातार मूंग उत्पादन के कारण भी यह समस्या हो सकती है। इसके नियंत्रण हेतु कॉपर ऑक्सिक्लोराइड का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ में सुबह या शाम में छिड़काव करें इसके पश्चात चार से पांच दिन के बाद पूर्व मिश्रित कवक नशी कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 45 डब्लू पी एवं कासुगामइसिन 5 प्रतिशत का छिड़काव करें। साथ ही 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से 1 एकड़ में 150 से 200 लीटर पानी मे स्प्रे करें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 को

**हरदा।** न्यायालय परिसर हरदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस लोक अदालत में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं धारा 126 के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू, सभी कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रूपये तक के प्रकरणों में छूट दी जावेगी।

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**हरदा।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। खेलवृत्ति के लिये 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को 31 मई तक अपने आवेदन जमा करना होंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार, रजत पदक विजेता को 8 हजार तथा काँस्य पदक विजेता को 6 हजार रूपये की खेलवृत्ति का प्रावधान है।

### फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को

**हरदा।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एक जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 15 मई से 25 मई दोपहर 3 बजे तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनेक गतिविधियां आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन विषय पर विशेष व्याख्यान, विचार-विमर्श, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, प्रस्तावना का सामूहिक वाचन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### गेहूं उपार्जन में किसानों को कोई असुविधा न हो, व्यवस्था रखी जाए

# जनसुनवाई में देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों की सीसीटीवी से निगरानी होगी, वेतन कटेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिये हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था में किसी भी किसान को कोई भी असुविधा न हो। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने आ रहे किसानों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटा, बारदान सहित छाया पानी के उत्तम इंतजाम रहें। एसडीएम सभी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में चने के उपार्जन के भी सुव्यवस्थित इंतजाम रहें।



सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि आगामी वर्षा के सीजन के पूर्व जिले में जल संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। तालाबों की डिसिल्टिंग कराई जाए। साथ ही अधिकतम मकानों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं। उन्होने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि बारिश से पहले नगरीय क्षेत्रों के नदी नालों की सफाई भी करवाई जाए। बैठक में आंगनबाड़ियों में वितरित होने वाले पोषण आहार के वितरण में अनियमितता की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने निर्देश दिये कि तत्काल सभी आंगनवाड़ियों में पोषण आहार वितरण व्यवस्था का परीक्षण किया जाए। पोषण आहार की गुणवत्ता, मात्रा एवं नियमितता से कोई समझौता न हो। आंगनवाड़ियों में टीकाकरण व्यवस्था भी नियमित हो। कलेक्टर ने हरदा नगर के पार्कों की व्यवस्था सुधारने के भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पार्कों की व्यवस्था आम नागरिकों के लिये सुविधाजनक हो। यहां आने वाले बच्चों के लिये झूले इत्यादि की उत्तम व्यवस्था हो। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जो नल जल योजनाएं पूर्ण हो गई है, उनको ग्राम पंचायतों को हेण्डओवर करने एवं रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिये गये। जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पहुँचने वाले अधिकारियों की लेटलतिफी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि अब विलम्ब से पहुँचने वाले अधिकारियों की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जो अधिकारी समय पर नही पहुँचेंगे उनकी तनख्वाह काटी जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर श्री पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

# भगवान पारसनाथ को मंत्रोच्चार के साथ विराजमान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवनिर्मित वेदी पर भगवान पारसनाथ को धार्मिक अनुष्ठानों और मंत्रोच्चार के साथ विराजमान किया गया। दो दिनों से चल रहा वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार को संपन्न हुआ। यह आयोजन आचार्यविद्यासागर महाराज, आचार्यसमय सागर महाराज एवं मुनिश्री निर्णय सागर महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। प्रतिष्ठाचार्य पंडित ऋषभ कुमार शास्त्री (सागर) के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न किए गए। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव रविंद्र जैन ने बताया कि आयोजन में प्रथम शांति धारा का सौभाग्य नरेंद्र, महेंद्र, सत्येंद्र, भूपेंद्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ। शिखर पर ध्वजारोहण का सौभाग्य सुधीर और शुभम जैन को मिला।

**विराजमान करने का सौभाग्य सुरेंद्र, संकल्प, संभव जैन परिवार को प्राप्त हुआ**

नवनिर्मित वेदी पर बड़े पारसनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य सुरेंद्र, संकल्प, संभव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। प्राचीन पारसनाथ भगवान को गिरीश, हरीश, आशीष, मनीष जैन परिवार ने विराजमान किया, जबकि नवीन पारसनाथ भगवान को सुधीर, शुभम जैन परिवार ने स्थापित किया। वेदी पर शांतिनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य अमृत श्री परिवार, हरदा को मिला। महावीर भगवान को सत्येंद्र, अनुभव जैन परिवार ने विराजमान किया। अष्टधातु वाले पारसनाथ भगवान को ज्ञानचंद, शैलेश, संजय जैन परिवार ने तथा अष्टधातु के महावीर भगवान को विवेक, वीरेंद्र कुमार जैन परिवार ने स्थापित किया। मंगल कलश प्राप्त करने का सौभाग्य साधना सुरेंद्र जैन, वंदना आशीष जैन, रश्मि जैन और दिपाली विवेक जैन को प्राप्त हुआ। समाजजनों ने विभिन्न धार्मिक क्रियाओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आयोजन को सफल बनाया। जैन समाज हरदा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने जानकारी दी कि इस महोत्सव में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे ग्राम भादूगांव में इस आयोजन को लेकर सकारात्मक वातावरण बना रहा।

# गो सेवकों के साथ नागरिकों ने वाहन रैली निकालकर नाम ज्ञापन सौंपा

### गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को लेकर एकजुट हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और देश भर में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर संत समाज, गो सेवक और आमजन एकजुट हुए हैं। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को जिले के सैकड़ों गो सेवकों और नागरिकों ने शहर में वाहन रैली निकाली। वही एसडीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम अशोक डेहरिया को सौंपा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अनिल गीते ने किया। अनिल गीते ने बताया कि गो वंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक है। इसकी रक्षा और संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और प्रशासन का ध्यान गो संरक्षण की ओर आकर्षित करना है। इस अवसर पर शाश्वत सोनी ने गो वंश की वर्तमान स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने गो शालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सड़कों पर घूम रहे गो वंश के लिए स्थायी आश्रय की



व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। सोनी ने प्रभावी नीतियों के क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गो संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

इस अवसर पर पवन, शक्तिभाई, चीनु धोलिया, मोहन राजपूत, लकी झा, हरीश चौहान, मयंक बुंदेले, आयुष पाराशर, सुनील सिंह राजपूत, नितेश बादर, दीपकराज सोनी, उमेश प्रजापति, मोहनीश बादर, अशोक पाराशर, अशोक नेगी, सोहनलाल उन्हाले, सुयोग सोनी सहित कई अन्य गो सेवक मौजूद रहे। अभियान को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई है। पहले चरण में तहसील स्तर पर कार्यक्रम होंगे, इसके बाद 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर, फिर अक्टूबर में राज्य की राजधानियों में और अंत में संत समाज अपनी मांगों को लेकर दिल्ली पहुंचेगा। प्रमुख मांगों में गो माता को राष्ट्रमाता या राष्ट्र धरोहर का दर्जा देना, पूरे देश में गो हत्या पर एक समान प्रतिबंध लागू करना और गो संरक्षण के लिए एक सशक्त केंद्रीय कानून बनाना शामिल है।

### माखन दादा राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय खंडवा को बंद करने की आशंका

# सामाजिक व पत्रकार संगठनों ने जनआंदोलन की चेतावनी दी, विधायक छाया मोरे ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय खंडवा को बंद करने की आशंका को लेकर सामाजिक एवं पत्रकारों के संगठनों ने व्यापक जनआंदोलन की चेतावनी दी है।

इस सिलसिले में पंधाना विधायक छाया-गोविन्द मोरे ने सोमवार को अपरान्ह करीब 4 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान विधायक मोरे ने उक्त कर्मवीर विद्धयापीठ को यथावत संचालित रखने और सर्वसुविधायुक्त स्थायी भवन निर्माण की दिशा में शीघ्र कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने सीएम डॉ.यादव से विस्तार से चर्चा की और मजबूती से पत्रकारों के हित में अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रख्यात पत्रकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी (माखन दादा) की कर्मभूमि से जुड़ी उक्त अमूल्य धरोहर को सुरक्षित रखने का हमारा नैतिक



दायित्व भी है। इसलिए इस संस्थान को बंद करना न केवल निमाड़ के युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय होगा, बल्कि यह माखन दादा की ऐतिहासिक विरासत के प्रति भी उपेक्षा होगी।

#### मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया

इस महत्वपूर्ण पहल को लेकर विधायक मोरे ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विषय को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सकारात्मक एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है,जिससे क्षेत्र के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि इन दिनों खंडवा में चल रही इस मुहिम को विधायक छाया मोरे के समर्थन से नई दिशा और मजबूती मिली है। फलस्वरूप पत्रकार संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने भी उनकी इस पहल की सराहना की है।

#### आंदोलन की चेतावनी पर उम्मीद कायम

खंडवा के सामाजिक एवं पत्रकार संगठनों ने साफ संकेत दिए हैं कि यदि इस संस्थान को बंद करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी, तो व्यापक जनआंदोलन होगा। हालांकि मुख्यमंत्री के सकारात्मक रुख के बाद अब लोगों में उम्मीद भी जगी है कि सरकार खंडवा की इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए ठोस निर्णय लेगी। उनका मानना है कि कर्मवीर विद्यापीठ केवल एक संस्थान ही नहीं, बल्कि निमाड़ की पहचान और युवाओं के भविष्य का आधार है। अतः यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि खंडवा की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसे किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे में इसे बचाने की मुहिम में विधायक छाया मोरे की भूमिका एक निर्णायक कड़ी के रूप में सामने आई है।

### सिंचाई विभाग ने नहर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया

# नकाबपोश लोगों ने माचक नहर को तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के पास अज्ञात नकाबपोश लोगों ने बीती रात माचक नहर को तोड़ दिया। इस घटना से मूंग की फसल की सिंचाई प्रभावित हुई है, जिसके बाद सिंचाई विभाग ने नहर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है।बताया जा रहा है कि यह घटना देर रात करीब 3 बजे हुई, जब 15 से अधिक नकाबपोश लोगों ने गेती और फावड़े का उपयोग कर मोहनपुर से गुजर रही नहर को माचक नदी की ओर से तोड़ दिया। इससे नहर का पानी नदी में बहने लगा। मौके से गेती का एक दस्ता, साथ ही शराब और पानी की खाली बोतलें भी मिली हैं।

सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू करवाया। कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेई ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा माचक नहर को तोड़ा गया है, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मिट्टी डालकर पानी को रोका जा रहा है और ओसराबंदी के कारण आज माचक नहर



के पानी को पाइंट जीरो से रोक दिया गया है। माचक नहर से जुड़े किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि नहर टूटने से उनके क्षेत्र में सिंचाई बुरी तरह प्रभावित होगी। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गो र ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण मूंग की फसल को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। ओसराबंदी के चलते किसानों को 36 घंटे तक पानी नहीं मिल पाता है, और अब नहर के टूटने से मरम्मत होने तक लगभग 2500 एकड़ से अधिक क्षेत्र के किसानों की सिंचाई प्रभावित होगी।

### कृषि उपज मंडी में आज किसान आंदोलन करेंगे

# किसान आंदोलन के मद्देनजर यातायात में परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में मंगलवार को प्रस्तावित किसान आंदोलन के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक रूट मैप तैयार किया है। इसका उद्देश्य शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचना है।

सूबेदार उमेश ठाकुर ने बताया कि इस किसान क्रांति आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से निर्धारित मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी, हरदा में एकत्रित होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए विशेष मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इंदौर रोड की ओर से आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली छोटी हरदा (एनएच) से अवगांव अंडर ब्रिज, संस्कार स्कूल, ग्वालनगर और इंडस्ट्रीज एरिया होते हुए मंडी गेट से मंडी प्रांगण में प्रवेश करेंगे। इसी तरह, खंडवा रोड की ओर से आने वाले वाहन आईटीआई, खेड़ीपुरा नाका, बायपास हनुमान मंदिर चौराहा, जिला पंचायत और छीपानेर चौक से होते हुए मंडी गेट पहुंचेंगे। टिमरनी/बैतूल रोड की ओर से आने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली उड़ा ओवर ब्रिज, डगावानीमा चौराहा, अवगांव अंडर ब्रिज, नेशनल हाईवे, ग्वालनगर और इंडस्ट्रीज एरिया से होते हुए मंडी गेट तक जाएंगे। रन्हाईकला की ओर से आने वाले वाहनों के लिए डबल फाटक, पीलिया खाल, रेलवे पुलिया अंडरपास, मदीना कॉलोनी और इंडस्ट्रीज एरिया चौराहा से मंडी गेट तक का मार्ग निर्धारित किया गया है। यातायात पुलिस हरदा ने आमजन से अपील की है कि आंदोलन की अवधि के दौरान इन मार्गों पर यातायात का अतिरिक्त दबाव रहेगा। इसलिए अनावश्यक आवागमन से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। साथ ही, यातायात पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों और लगाए गए बैरिकेड्स का पालन करें। आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने का भी अनुरोध किया गया है।यातायात संबंधी किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी जा सकती है। यह जानकारी साइबर सेल पुलिस सूबेदार उमेश ठाकुर द्वारा दी गई।

### कथाओं से ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित: महंत रामभूषण

# प्राण-प्रतिष्ठा: महाकुंभ कलश यात्रा में आए संतों की विदाई, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर


इंटरनेट के कारण अश्लील सामग्रियों की बाढ़ सी आ गई है। जिससे हमारी मानसिकता दूषित हो रही है और कुछ षडयंत्रकारी लोग यही चाह रहे है कि हमारी मानसिकता दूषित हो और हम और हमारी संस्कृति पिछड जाए। लेकिन कथाओं और सत्संग के कारण ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित है इसलिए जहां भी कथा हो श्रवण अवश्य करना चाहिए, जहां पर भी धार्मिक कार्य हो वहां पर अपना योगदान देना चाहिए। नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने और भारत की गौरवशाली परंपरा से वाकिफ करवाने के लिए शिक्षा



पद्धति में कुछ बदलाव की आवश्यकता है। उक्त विचार शहर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आयोजित संत समागम के अंतिम दिवस श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज ने कहे। शहर के कोलीपुरा में आर्यावत षट्दर्शन साधु मंडल भारत के तत्वाधान में दो दिवसीय संत समागम का आयोजन किया गया था। रविवार को अंतिम दिवस यहां पर आए संत समागम और महाकुंभ कलश यात्रा में शामिल साधु-संतों का महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज, संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, यात्रा प्रभारी सन्नी सरदार, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, बजरंग दल के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, सह प्रभारी रजत मुंदडा आदि ने यहां पर आए नागा साधुओं और संतों का सम्मान कर विदाई दी। सुबह यहां पर पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, देवता आह्वान और अग्नि स्थापना का आयोजन यज्ञशाला में किया गया। वहीं भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिवस सुबह आठ बजे प्रथम सत्र में नित्य पूजन, अभिषेक, अर्चन और हवन का आयोजन किया जाएगा।

# महिला ने युवक को पीटा: ट्रैफिक थमा टीआई बोले अभी कोई शिकायत नहीं

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के कर्बला पुल पर एक महिला द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना बीते दिन शाम की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला युवक को थप्पड़ और लातों से मार रही है। आसपास मौजूद लोग इस दौरान मौके पर खड़े दिखाई देते हैं। कुछ लोग घटना का वीडियो बनाते हुए भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा विवाद बढ़ने पर कुछ राहगीरों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। काफी देर बाद महिला को शांत कराया जा सका। इस दौरान कर्बला पुल पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित होता दिखाई देता है।



हालांकि, मारपीट के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में अभी तक किसी पक्ष की ओर से आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि पुलिस को वायरल वीडियो के संबंध में अभी तक कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है और न ही किसी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।